**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 22.11.2019 को अपरान्ह 12:30 बजे सम्पन्न 10वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः

| | | |
|---|---|---|
| 1– | प्रो0 एन0बी0 सिंह<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2– | श्री अजय जौहरी, (प्रतिनिधि वित्त विभाग)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 3– | श्री मनोज कुमार,(प्रतिनिधि प्राविधिक शिक्षा विभाग)<br>निदेशक,<br>शोध विकास एवं प्रबन्ध संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 4– | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5– | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6– | श्रीमती ऐश्वर्या<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

9.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 05/09/2019 को पूर्वान्ह 10:00 बजे सम्पन्न 9वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 05/09/2019 को सम्पन्न वित्त समिति की 9वीं बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य की कोई टिप्पणी प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

10.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 05/09/2019 को पूर्वान्ह 10:00 बजे सम्पन्न 9वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा दिनांक 05/09/2019 को सम्पन्न 9वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त एवं तत्सम्बन्धी कार्यवाही को संज्ञान में लेते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं पर निर्देशित किया गयाः

**9.03** समिति विश्वविद्यालय वाहन संख्याः UP78-BL-4550 की नीलामी एवं नया वाहन क्रय किये जाने संबंधी कार्यवाही से संज्ञानित हुई।

**9:04:** समिति आउटसोर्सिंग कर्मियों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु कृत कार्यवाही से संज्ञानित हुई।

10.03 **वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अनुमोदित बजट के सापेक्ष सितम्बर, 2019 तक व्यय विवरण के प्रस्ताव पर विचार**

समिति उक्त अवधि के व्यय विवरण से संज्ञानित हुई।

10.04. **विश्वविद्यालय में Economically Weaker Section Fund के अधीन लिये जा रहे शुल्क के व्यय हेतु नियमावली बनाये जाने संबंधी विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

10.05. **विश्वविद्यालय में Student Aid Fund & Miscellaneous Fund के अधीन लिये जा रहे शुल्क के व्यय हेतु नियमावली बनाये जाने संबंधी विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**10.06. विश्वविद्यालय में विभिन्न अवसरों पर ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को आमन्त्रित किये जाने के फलस्वरूप हवाई यात्रा एवं पाँच सितारा होटल में ठहरने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय स्थापना दिवस, विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह एवं अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेस में नोबल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्मविभूषण, पद्मभूषण पद्मश्री से विभूषित, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय में यथा आवश्यकता मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता (Key Note Speaker) के रूप में आमन्त्रिंत करने पर Executive/Business श्रेणी में हवाई यात्रा एवं प्रति व्यक्ति अतिथि सत्कार (जलपान, भोजन व ठहरने की व्यवस्था) हेतु अधिकतम् सीमा रू0 50,000/— प्रतिदिन निर्धारित की गयी। उक्त व्यक्तियों को आमन्त्रिंत करने हेतु मा0 कुलपति महोदय से पूर्वानुमति प्राप्त की जाएगी।

**10.07. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 11.10.2019 को सम्पन्न सातवीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की 7वीं बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**10.08. विश्वविद्यालय की भवन एवं कार्य समिति की दिनांक 14.11.2019 को सम्पन्न सातवीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय भवन एवं कार्य समिति की 7वीं बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**10:09 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार**

(राजेश सिंह)
सदस्य—सचिव, वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष, वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर